रोल नं. ....................

# 1102-B

## कक्षा 11वीं त्रैमासिक परीक्षा, 2022-23

## हिन्दी–1

## (माध्यम हिन्दी)

(कुल प्रश्नों की संख्या : 23)
(समय : 03 घण्टे)

(कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 08)
(पूर्णांक : 80)

*निर्देश –*

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, एक वाक्य में उत्तर 7 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक के प्रश्न होंगे।*

*(iii)* *प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 30 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।*

*(iv)* *प्रश्न क्र. 16 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक आवंटित हैं।*

*(v)* *प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।*

*(vi)* *प्रश्न क्र. 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*



https://www.mpboardonline.com

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(i) कबीर ने ईश्वर के कितने रूप माने हैं?

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) अनंत

(ii) "रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यम" परिभाषा है –

(अ) आचार्य विश्वनाथ की (ब) आचार्य शुक्ल की

(स) पंडित जगन्नाथ की (द) मम्मट की

(iii) "नमक का दरोगा" कहानी का प्रकाशन वर्ष है –

(अ) 1924 (ब) 1914

(स) 1934 (द) 1904

(iv) "फूले न समाना" मुहावरे का अर्थ है –

(अ) भूल जाना (ब) अत्यंत खुश होना

(स) अत्यंत प्रेम करना (द) अत्यंत दुखी होना

(v) लता के स्वरों में है –

(अ) निर्मलता (ब) पवित्रता

(स) गानपन (द) मीठापन

(vi) किसी सामग्री से उसकी अशुद्धियों को दूर करके उसे पठनीय बनाना कहलाता है –

(अ) संपादन (ब) पत्रकारिता

(स) पटकथा (द) जनसंचार



https://www.mpboardonline.com

प्र.2 रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए – (1X7=7)

(i) कबीर भक्ति काल की.............................................................काव्य धारा के कवि हैं।

(सगुण / निर्गुण)

(ii) मीरा की भाषा..............................................................................................है।

(बुंदेली / राजस्थानी)

(iii) प्रबंध काव्य के अन्तर्गत..........................................................................आता है।

(सूरसागर / साकेत)

(iv) मियां नसीरुद्दीन अखबार बनाने वाले और पढ़ने वाले को...................समझते थे।

(कामकाजी / निठल्ला)

(v) अच्छा अनुच्छेद लिखना एक....................................................................कौशल है।

(लेखन / वाचन)

(vi) शास्त्रीय गायन की महफिल...................................................................की होती है।

(तीन घंटे / तीन मिनिट)

(vii) हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्र..............................................................है।

(उदंत मार्तंड / कर्मवीर)

प्र.3 सही जोड़ी बनाकर लिखिए – (1X6=6)

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (i) हम तौ एक एक करि जांनां | (क) भाव–पल्लवन |
| (ii) सर्ग में बंधी रचना | (ख) महाकाव्य |
| (iii) अपू के साथ ढाई साल | (ग) सत्यजीत राय |
| (iv) किसी विचार या भाव के बारे में लिखना | (घ) कबीर |
| (v) राजस्थान की रजत बूंदे | (ङ) अनुपम मिश्र |
| (vi) जनसंचार का अंग्रेज़ी पर्याय | (च) मास कम्युनिकेशन |
| | (छ) बेबी हालदार |
| | (ज) जायसी |



https://www.mpboardonline.com

प्र 4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए - (1X7=7)

(i) जगत क्या देखकर मोहित हो रहा है?

(ii) अनुभाव कितने प्रकार के होते हैं?

(iii) 'तालीम की तालीम बड़ी चीज है।' यह कथन किसका है?

(iv) वंशीधर ने किससे वैर मोल लिया था?

(v) विज्ञापन लेखन के समय ध्यान में रखी जाने वाली कोई एक सावधानी लिखिए।

(vi) लता मंगेशकर की लोकप्रियता का मुख्य मर्म क्या है? लिखिए।

(vii) भारतीय टेलीविजन को दूरदर्शन नाम कब दिया गया?

प्र 5 सत्य-असत्य कथन लिखिए - (1X6=6)

(i) कबीर ने साधुक्कड़ी भाषा का प्रयोग किया।

(ii) 'मोहन बैल है' में अभिधा शब्दशक्ति है।

(iii) अपू की माँ उसे रोटी-सब्जी खिला रही थी।

(iv) संवाद का सामान्य अर्थ बातचीत है।

(v) संगीत का क्षेत्र विस्तीर्ण है।

(vi) जनसंचार माध्यमों का लोगों पर केवल सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

प्र.6 प्रगतिवादी कविता की विशेषताएं लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रयोगवादी कविता की विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं? (2)

**अथवा**

मायके आई बहन के लिए कवि भवानी प्रसाद मिश्र ने घर को परिताप का घर क्यों कहा है?

प्र.8 दृष्टान्त अलंकार की परिभाषा लिखिए। (2)

**अथवा**

वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा लिखिए।



https://www.mpboardonline.com

प्र.9 निपात किसे कहते है? ये कितने प्रकार के होते है? (2)

अथवा

शब्द शक्ति से क्या तात्पर्य है? किसी एक शब्द शक्ति का उदाहरण लिखिए।

प्र.10 भारतेंदु युग के गद्य की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

द्विवेदी युग के गद्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.11 बालमुकुंद गुप्त ने देश को 'अभागे भारत!' क्यों कहा है? (2)

अथवा

'नमक का दरोगा' कहानी का कौन–सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों?

प्र.12 विज्ञापन लेखन की कला के बारे में लिखिए। (2)

अथवा

सार – संक्षेपण का अर्थ लिखिए।

प्र.13 संवाद लेखन के समय ध्यान देने योग्य दो बातें लिखिए। (2)

अथवा

अनुच्छेद लेखन के समय ध्यान देने योग्य दो बातें लिखिए।

प्र.14 शास्त्रीय संगीत और चित्रपट संगीत में अंतर लिखिए। (2)

अथवा

लता मंगेशकर को भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ क्यों कहा गया है?

प्र.15 जनसंचार माध्यमों के महत्त्वपूर्ण उद्देश्य लिखिए। (2)

अथवा

जनसंचार माध्यमों के खतरों के बारे में लिखिए।

प्र.16 भवानी प्रसाद मिश्र अथवा कबीर का काव्यगत परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाव पक्ष

(स) साहित्य में स्थान



https://www.mpboardonline.com

प्र.17 प्रेमचंद **अथवा** कृष्णा सोबती का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(अ) दो रचनाएँ

(ब) भाषा–शैली

(स) साहित्य में स्थान

प्र.18 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय का भाव पल्लवन कीजिए – (3)

(क) साहित्य समाज का दर्पण है।

(ख) अज्ञान सर्वत्र आदमी को पछाड़ता है।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3)

सफलता प्राप्ति का मूल मंत्र है अपने समय का सदुपयोग करना। सदुपयोग का अर्थ है सही उपयोग। कार्य को समझ कर तुरंत कार्य में लग जाना। जीवन में अनेक दबाव आते हैं, अनेक व्यस्तताएँ आती हैं। व्यस्तताओं से अधिक मन का आलस घेरता है। व्यस्तताओं का बहाना बनाकर या आलस्य में घिरकर जो कार्यों को टाल देता है उसकी सफलता भी टल जाती है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच समझकर योजनापूर्वक कार्यों की ओर निरंतर कदम बढ़ाता है, एक न एक दिन सफलता उसके चरण चूम लेती है। आज के काम को कल पर डालने की प्रवृत्ति सबसे घातक है। इस प्रवृत्ति के कारण मन में असंतोष बना रहता है। अनेक कार्यों का बोझ बना रहता है और काम को टालने की ऐसी आदत बन जाती है कि शुभ कार्य करने की घड़ी आती ही नहीं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(ii) कौन–सी प्रवृत्ति सबसे घातक है?

(iii) निरंतर का विलोम शब्द लिखिए।

<u>अथवा</u>



https://www.mpboardonline.com

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के से पालि,
वज छिपा, नूतन कविता,
फिर भर दो–बादल, गरजो!

(i) काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) नूतन शब्द का पर्यायवाची लिखिए।

(iii) उपर्युक्त काव्यांश का मूल भाव लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ संदर्भ–प्रसंग तथा सौन्दर्य बोध सहित लिखिए – (4)

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई
जाके सिर मोर–मुकुट, मेरो पति सोई
छांड़ि दयी कुल की कानि, कहा करिहैं कोई?
संतन ढिग बैठि–बैठि लोक–लाज कोई?
अंसुवन जल सींचि–सींचि प्रेम बेलि बोई
अब त बेलि फैल गई आणंद–फल होई

<u>अथवा</u>

हम तौ एक एक कर जांनां।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिनं पाहिचांनां।।
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां।
एकै खाक गढ़ सब भांडै एकै कोंहरा सांनां।।



https://www.mpboardonline.com

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की व्याख्या संदर्भ–प्रसंग एवं विशेष सहित लिखिए – (4)

दुनिया सोती थी, दुनिया की जीभ जागती थी। सवेरे देखिए तो बालक–वृद्ध सबके मुह से यही बात सुनाई देती थी। जिसे देखिए वही पंडित जी के इस व्यवहार पर टीका–टिप्पणी कर रहा था, निंदा की बौछारें हो रही थीं, मानो संसार से अब पापी का पाप कट गया।

<u>अथवा</u>

नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर का मज़ार है। निगाह चढावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूंढ़ना जहां कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चांद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते–घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है जिससे सदैव प्यास बुझती है।

प्र.22 परीक्षा काल में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बजाने पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश को प्रार्थना–पत्र लिखिए। (4)

<u>अथवा</u>

बड़ी बहन के विवाह में आमंत्रित करने हेतु मित्र को पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबंध लिखिए – (4)

(i) जीवन में खेलों का महत्त्व

(ii) जल ही जीवन है

(iii) वर्तमान समय में कंप्यूटर की उपयोगिता

(iv) मेरे सपनों का भारत

(v) मेरे प्रिय शिक्षक

---



https://www.mpboardonline.com